हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

===

भारत और न्यूजीलैंड ने कल नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने की। इस समझौते के अंतर्गत भारतीय निर्यात को सभी टैरिफ लाइनों पर शतप्रतिशत शुल्क-मुक्त किया गया है। इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता रिकॉर्ड नौ महीनों में संपन्न हुआ है और इस समझौते से विभिन्न क्षेत्रों को लाभ होगा।

यह एक समग्र और भविष्योन्मुख मुक्त-व्यापार समझौता है। इससे वस्तुओं और सेवाओं के लिए बड़े अवसर सृजित होंगे। इसमें निवेश प्रतिबद्धता भी शामिल है जिससे दोनों देशो के व्यापार को भारत की ताकत और बडे पैमाने का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे भारतीय व्यापार को न्यूजीलैंड के बाजार में वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच और निवेश दोनों को ब□ावा भी मिलेगा। हम कृषि क्षेत्र में भी साझेदारी पर विचार कर रहे हैं।

श्री गोयल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में यह सातवां मुक्त व्यापार समझौता है।

=======================================

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक ने राज्य विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के बहिष्कार पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।
प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि कांग्रेस सत्र में भाग न लेकर सरकार की “मंशाओं” पर सवाल नहीं उठा पाई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह बहिष्कार उसके अपने ही रुख को कमजोर करता है, क्योंकि पार्टी ने पहले अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर इस विधेयक को पारित होने से रोकने का प्रयास किया था। इसके बावजूद अब सत्र से दूरी बनाकर कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इनेलो नेता ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस की यह कार्रवाई वास्तव में भाजपा के हित में रही है, क्योंकि यह सत्तारूढ़ दल के रुख का मौन समर्थन प्रतीत होती है।

प्रो. सम्पत सिंह ने आरोप लगाया कि 2024 के विधानसभा चुनावों में भी हरियाणा कांग्रेस ने ऐसे कदम उठाए, जिनसे भाजपा को लाभ हुआ और जनता के साथ विश्वासघात हुआ। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को 37 से भी कम वोट मिलना भी इसी राजनीतिक कमजोरी का प्रमाण है, जिसने सत्ताधारी दल के हितों को ही मजबूती दी।

==

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस संदेश का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि सरकार ने मुफ्त लैपटॉप देने की योजना शुरू की है और इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताते हुए कहा है कि सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना घोषित नहीं की गई है।

====================================

मौसम विभाग ने कहा है कि हरियाणा और चंडीगढ़ में 30 अप्रैल और 2 व 3 मई को कहीं कहीं 40 से 50 किलोमीटर की गति से तेज़ हवाओं के साथ आंधी चलने और बिजली गरजने की संभावना है।

मौसम विभाग ने राज्य में आज और 29 तारीख को कुछ जगहों पर तथा 30 अप्रैल से 3 मई तक कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई है।

आज चंडीगढ़ और हरियाणा में कई जगह बूंदा बांदी हुई है, बूंदा बांदी की संभावना आज सारा दिन बनी रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, और उसके बाद इसमें लगभग 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

==

भिवानी पुलिस ने सरकारी कॉलेज में ड्यूटी के दौरान लेक्चरर के साथ मारपीट करने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान गांव मिताथल निवासी सिकंदर, गांव धनाना निवासी रविन्द्र और सोमबीर के रूप में हुई । आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

==

भिवानी में देशव्यापी गौ माता सम्मान अभियान के अन्तर्गत कल विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और गौ रक्षा संगठनों द्वारा शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अभियान में संत महात्माओं, विश्व हिन्दू परिषद, गौ रक्षकों तथा अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व श्री महंत डॉक्टर गिरी महाराज ने किया। प्रदर्शनकारियों ने गौ माता के सम्मान की रक्षा, देशभर में हो रही गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ रक्षा के लिए सशक्त और कठोर कानून बनाने की मांग की।

==

फरीदाबाद के उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने कहा कि 21 से 25 अप्रैल तक फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और तिगांव खंड से कुल 12 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 10 पुरुष और 2 महिला उम्मीदवार शामिल हैं.

===